भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1753
सोमवार, 31 जुलाई, 2023/09 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

झारखंड में चल रही पर्यटन परियोजनाएं

†1753 श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास झारखंड में पर्यटन क्षेत्र में सभी केंद्रीय कार्यक्रमों और परियोजनाओं का ब्यौरा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास झारखंड में पर्यटन क्षेत्र के अंतर्गत जारी परियोजनाओं का ब्यौरा है;

(घ) यदि हां, तो परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार के पास गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र में सभी केंद्रीय कार्यक्रमों और परियोजनाओं का ब्यौरा है;

(च) यदि हां, तो उक्त कार्यक्रमों और परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) झारखंड में प्रमुख पर्यटन स्थलों तथा वार्षिक पर्यटक संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (छ): राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों से पर्यटन परियोजनाओं हेतु वित्तीय सहायता के लिए प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। इन प्रस्तावों की जाँच निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाती है और विनिर्दिष्ट शर्तों की पूर्ति, प्रचालन सम्बन्धी व्यवहार्यता और निधियों की उपलब्धता की शर्त पर ऐसी परियोजनाओं हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय ''स्वदेश दर्शन'' और ''तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन'' योजनाओं के अंतर्गत झारखंड सहित देश में विभिन्न

पर्यटन गंतव्यों में पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी तथा जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है। एसडी 2.0 के अंतर्गत झारखंड राज्य में विकास हेतु चांडिल गंतव्य को चिह्नित किया गया है।

इसके अतिरिक्त आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन सम्बन्धी कार्यक्रमों के आयोजन हेतु भी झारखंड राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

ऊपर उल्लिखित योजनाओं के तहत झारखंड राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं और आवंटित निधियों का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

पिछले तीन वर्षों में झारखंड में घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का विवरण नीचे दिया गया है:-

(लाख में)

वर्ष	डीटीवी
2020	25.75
2021	33.84
2022	382.84

****

अनुबंध

झारखंड में चल रही पर्यटन परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 31.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1753 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	भौतिक स्थिति (%)
1.	झारखंड	इको परिपथ 2018-19	ईके पर्यटन परिपथ: डलमा - बेटला राष्ट्रीय उद्यान - मिरचैया - नेतरहाट का विकास	30.11	26.37	72.74

प्रशाद योजना (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	संस्वीकृति का वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी की गई राशि	भौतिक प्रगति (%)
1.	झारखंड	बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास	2018-19	39.13	31.23	100%

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रदत्त वित्तीय सहायता

(लाख रु. में)

राज्य का नाम	वर्ष	मेलों और उत्सवों के नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
झारखंड	2017-18	इटखोरी महोत्सव	25.00	25.00
	2019-20	भैरवनाथ महोत्सव	25.00	25.00
		शरद महोत्सव, नेतरहाट	25.00	25.00

****